तापमान

अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 एबीईओ ने संकुल केंद्र दर्रा में शाला प्रवेशोत्सव तैयारी का लिया जायजा





11 मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त 2 जुलाई से, 17 को ...




## खबर संक्षेप

### जिले के प्रभारी मंत्री आज नगरी में

**नगरी।** कैबिनेट मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का आज 20 जून को बजरंग चौक नगरी में दोपहर 2 बजे नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है।



कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पिंकी शाह किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, नागेंद्र शुक्ला विधानसभा संयोजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### अधेड़ ने जंगल में लगाई फांसी, कारण अज्ञात

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरेल नयापारा निवासी बंशीलाल यादव उम्र 50 वर्ष ने जंगल में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की शाम घटना की जानकारी होने पर केरेगांव थाना को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये रक्तदान एम्बुलेस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। अधेड़ द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जिला अस्पताल में भर्ती अज्ञात महिला की मौत

**धमतरी।** जिला अस्पताल में भर्ती अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मृतिका के परिजनों का इंतजार कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 29 मई को नेशनल हाईवे में जगतरा मोड़ के पास सड़क किनारे एक महिला के पड़े होने की सूचना संजीवनी 108 को मिली।



सूचना पर संजीवनी कर्मी एम्बुलेस के साथ मौके पर पहुंचे और बेहोश पड़ी महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की बुधवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। मृतिका की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। मेमो प्राप्त होने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को मर्रच्यूरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अज्ञात मृतिका की शिनाख्ति के प्रयास में जुटी है।

परमिशन के बगैर 4 एकड़ खेत में हो रही थी अवैध प्लाटिंग

# जनपद के पीछे अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





रूद्री रोड स्थित जनपद पंचायत के पीछे गर्ल्स कॉलेज के पास 4 एकड़ धनहा खेत में गुपचुप तरीके से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा था। इसके लिए संबंधित कालोनाइजरों ने प्रशासन से परमिशन नहीं ली थी। शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रशासन और निगम की संयुक्त टीम ने प्लाटिंग के लिए बनाई जा रही सड़क को बुलडोजर से समतल किया। मुरूम को जब्त किया। कागजी कार्रवाई कर संबंधितों को प्लाटिंग नहीं करने की चेतावनी दी गई। ज्ञात हो कि यह भूमि किसी कृषि की है जिसे उन्होंने भू-माफियाओं को बेच दिया है। भू-माफिया इस जमीन को काटकर टुकड़ों में बेच रहा था। कालोनी बनाने के लिए मुरूम से सड़क बनाने का कार्य जारी था। यह जमीन कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, एसपी आफिस, जनपद पंचायत की कुछ दूरी पर स्थित है। अवैध प्लाटिंग करने वालों को प्रशासन का खौफ नहीं है। खेतीहर जमीन पर कालोनी बनाने का खेल गुपचुप तरीके से चल रहा था।

विदित हो कि धमतरी जिला बनने के बाद से शहर के आसपास गांवों के लगभग 400 एकड़ खेतीहर जमीन पर कालोनियां बन गई हैं। स्थापित कालोनियों की संख्या 45 के आसपास हैं जिसमें से आधे से ज्यादा कालोनी अभी भी अवैध की श्रेणी में है। नियमितीकरण के आदेश के बाद भी कालोनाइजर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे शासन-प्रशासन को लाखों का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा इन अवैध कालोनियों में निवास करने वाले लोगों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पानी, बिजली, नाली के लिए तरह रहे हैं जबकि प्लाट कटिंग के समय सुविधाएं देने का लालच दिया जाता है।

शहर के रूद्री रोड, सिहावा रोड, रायपुर रोड, भटगांव, सोरम, कोलियारी, हरफतराई, शंकरदाह, करेठा आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां अवैध कालोनियों की बाढ़ है। कलेक्टोरेट के पीछे अवैध प्लाटिंग का खेल बदस्तूर जारी है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद भी दोबारा उसी स्थल पर प्लाटिंग की जा रही है।



फाइल फोटो

# ई-केवाईसी के अभाव में 4 हजार किसानों को नहीं मिली सम्मान निधि

## जिले के 94 हजार किसानों के खाते में आई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बड़ी संख्या में किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है जिसके कारण उनकी किसान सम्मान निधि रूक गई है। वहीं कई किसानों की सम्मान निधि अंडर प्रोसेस में है। इन किसानों के खाते में जल्द ही राशि डाल दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र से देश के सभी पात्र किसानों के लिए किसान सम्मान निधि जारी की। जिले के 94 हजार 148 किसानों के खाते में सम्मान निधि आई है। जानकारी के अनुसार इसमें से कुछ किसानों के खाते में सम्मान निधि नहीं आई है।, इन किसानों के खाते में सम्मान निधि ट्रांसफर अंडर प्रोसेस में है। जल्द ही इनके खाते में राशि आ जाएगी।

विडंबना यह है कि कई किसानों ने इस योजना के तहत ई-केवाईसी नहीं कराई है जिसके चलते इस बार वे सम्मान निधि का लाभ लेने से चूक गए हैं। अब वे ई-केवाईसी कराते हैं तब भी वे इस योजना के तहत 17वीं किस्त का लाभ नहीं ले पाएंगे। हालांकि 18वीं किस्त उन्हें मिलेगी।

### जिले में 98 हजार 304 किसान पंजीकृत

किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को ई-केवाईसी के साथ आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग खेती की जानकारी, अपडेट करवाना है। इस योजना के तहत जिले में 98 हजार 304 किसान पंजीकृत हैं। बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। वहीं कई किसान अपात्र की श्रेणी में आ गए हैं। पंजीकृत किसानों में से 4 हजार 156 किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि नहीं आई है। इनमें से अधिकांश किसानों के खाते में सम्मान निधि नहीं आने का कारण ई-केवाईसी नहीं कराना है।

### ऐसे जाने अपना स्टेटस

किसान यदि इस योजना के तहत सम्मान निधि के लिए पात्र हैं और उसके खाते में राशि नहीं आई है तो घबराने की जरूरत नहीं है। घर बैठे ही वह अपनी स्थिति जान सकता है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकता है। इसके अतिरिक्त पीएम किसान डाट जीओवी डाट इन पर जाकर अपना स्टेटस चेक कर सकता है। इस पेज के फार्मेट कार्नर में जाकर लाभार्थी स्थिति का आप्शन चुनना होगा। इसके बाद डिटेल जानकारी डालने पर उसका स्टेटस पता चल जाएगा।

# बाइक की ठोकर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- देमार फिश हेचरी के पास हुआ हादसा

पेट्रोल पंप से फ्यूल डलवाकर निकल रहे स्कूटी सवारों को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं चालक घायल हो गया है।

परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी देमार निवासी रमेश ध्रुव पिता रंजन उम्र 60 वर्ष मंगलवार की शाम गांव के चित्रसेन बया 23 वर्ष के साथ उसी की स्कूटी से अपनी बेटी के घर ग्राम छाती जाने के लिए गांव से निकला था। पीपरछेड़ी पेट्रोल पंप से स्कूटी में पेट्रोल भरवाकर दोनों छाती के लिए निकले। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी व बाइक सवार सड़क पर गिर गए। टक्कर से स्कूटी चला रहा चित्रसेन घायल हो गया। वहीं पीछे सवार वृद्ध को गंभीर चोट आई। बाइक में सवार दो बच्चे सहित चार लोगों को भी चोट आई है। इस घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई जिसका फायदा उठाते हुए बाइक चालक अपने सवारों को लेकर मौके से भाग गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल वृद्ध को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह घायल वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



# ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से नाबालिग की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम श्यामतराई बाईपास की घटना

रेत भरकर चिटौद की तरफ जा रही ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर बाईपास में पलट गई। इस घटना में ट्राली में सवार नाबालिग की मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह ट्रेक्टर खरेंगा से रेत भरकर खाली करने चिटौद की तरफ जा रही थी। ट्रेक्टर परमेश्वर सोनवानी चला रहा था। रेत से भरी ट्राली में कोमल ध्रुव पिता कैलाश उम्र 14 वर्ष ग्राम दर्री थाना अर्जुनी निवासी अपने साथी देव साहू के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम श्यामतराई बाईपास तिराहा के आगे अचानक ट्रेक्टर अनियंत्रित हो जाने के कारण ट्राली सड़क पर पलट गई। इस घटना में ट्राली में सवार कोमल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं देव को भी चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद कोमल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल को वार्ड में भर्ती कराया गया है। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक के चाचा अनिरूद्ध ध्रुव ने मीडिया को बताया कि कोमल इस वर्ष कक्षा 10वीं में पढ़ने के लिए चारामा के स्कूल में भर्ती हुआ था। हास्टल में रहकर पढ़ाई करने वाला था लेकिन गर्मी छुट्टी आगे बढ़ जाने के कारण वह घर में रूक गया था।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969








## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांकों के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

प्रति,
संचालक
NSDC पैरामेडिकल संस्थान
महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

........................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं ।

1. आवेदक का नाम........................................
2. पिता/पति का नाम........................................
3. जन्म तिथि अंकों में........................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित........................................

1. मो....................2. मो....................व्हाट्सएप नंबर....................

6. शैक्षणिक योग्यता,........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### स्कूल मैदान कोर्रा में होगा योग

**कोर्रा(भखारा)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में 21 जून शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्कूल मैदान कोर्रा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, सूर्य नमस्कार एवं शांतिपाठ किया जाएगा। यह जानकारी अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने देते हुए कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन के लिए योग को अपने जीवन में अपनाएं।

### जी-जामगांव कॉलेज में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

**जी-जामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जी-जामगांव में सत्र 2024-25 के लिए आनलाइन प्रवेश आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्र पं. रविशंकर विवि रायपुर के साइड में जाकर आवेदन फार्म भर सकते हैं। फार्म भरते समय मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, आधार नंबर, 10 वीं, 12 वीं, फोटो एवं हस्ताक्षर आवश्यक है। प्रथम चरण में आनलाइन आवेदन भरने 17 से 25 जून तक समय निर्धारित किया गया है। वहीं 26 जून से मेरिट सूची के आधार पर महाविद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.चोवाराम यदु ने दी है।

## निधन

### अजय कुमार साहू



**धमतरी।** ग्राम पंचायत पेंडरवानी निवासी अजय कुमार साहू 24 वर्ष का 18 जून को निधन हो गया। वे छबिलाल साहू के पुत्र व डेमन साहू के भतीजे थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पुस्तकालय, शुद्ध पेयजल को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

# एबीईओ ने संकुल केंद्र दर्रा में शाला प्रवेशोत्सव तैयारी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

संकुल केंद्र दर्रा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की तैयारी योजनाबद्ध तरीके से की जा रही है। प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर संभावित रूप से पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं स्वास्थ्यगत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग ने 25 जून तक बढ़ा दिया गया है जिसके कारण नवीन शैक्षणिक सत्र 26 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्र प्रारंभ होने के पूर्व प्रत्येक शाला में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। संकुल केंद्र दर्रा अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के क्रम में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है।







संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू ने बताया कि कलेक्टर नम्रता गांधी के आदेशानुसार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सर्वोच्च प्राथमिकता को तय करते हुए योजनाबद्ध तरीके से संकुल के समस्त विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की नियमित रूप से विभिन्न चरणों में बैठक आयोजित करते हुए कार्यों की समीक्षा की जा रही है। जमीनी स्तर पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने प्रत्येक विद्यालय का 16 एवं 18 जून को दौरा किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में चंद्रकुमार साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद ने 18 जून को शासकीय प्राथमिक शाला फुसेरा, शासकीय माध्यमिक शाला फुसेरा, शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा, शासकीय माध्यमिक शाला खर्रा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दर्रा, शासकीय प्राथमिक शाला दर्रा एवं माध्यमिक शाला दर्रा का आकस्मिक निरीक्षण किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय में आवश्यक मरम्मत कार्य, शौचालय की साफ सफाई, विद्यालय परिसर की विशेष स्वच्छता, रंग-रोगन, सुव्यवस्थित क्रियाशील पुस्तकालय, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, विद्यार्थियों के बैठने हेतु फर्नीचर- टाटपट्टी की व्यवस्था, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन के साथ ही रसोईघर में विशेष स्वच्छता, न्योता भोजन की तैयारी, मानसून आने के पूर्व पौधरोपण की तैयारी, शाला प्रबंधन समिति के गठन के पश्चात आयोजित की जाने वाली वाली बैठक, विद्यालय में संधारित किए जाने वाले आवश्यक पंजी के संधारण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का बिंदुवार समीक्षात्मक निरीक्षण किया। अच्छे कार्य करने वाले संस्थाप्रमुखों का उत्साहवर्धन किया गया और जहां पर आवश्यक सुधार एवं कार्य में अपेक्षानुरूप पूर्णता नहीं हो पाया है, उन संस्थाप्रमुख एवं शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए प्रेरित किया गया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण में संकुल केंद्र दर्रा को प्राथमिकता के क्रम में रखते हुए 8 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक अपना महत्वपूर्ण समय प्रदान किया।

मौके पर डॉ. लोकेश साहू जनपद सदस्य भी उपस्थित थे। इसके लिए संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू, संकुल प्राचार्य नीलकमल साहू ने सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## मड़ेली में हो रहा पानी का दुरुपयोग



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मड़ेली में नवनिर्मित पानी टंकी के रिजाइन पाइप में बहुत से घरों का नल कलेक्शन लगा हुआ है जिसकी वजह से टंकी में पानी नहीं पहुंच पाता है और पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती है। ग्रामीणों ने बताया कि रिजाइन पाइप से कनेक्शन होने से कुछ लोगों के घर का नल दिनभर चलता रहता है। बाड़ी में सब्जी की लिए सिंचाई के लिए इसी पानी का उपयोग किया जा रहा है। अन्य कार्यों में पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं। ग्रामीण डेमन साहू, झरना साहू, घनश्याम साहू, ईश्वरी साहू, अवध राम, फुलेश्वर, संत राम साहू, चित्ररेखा, मानसिंह, दिनेश महंत, टोमेश आचार्य, लोकेश्वर बैस, टोमन लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों उक्त नल कनेक्शन को तुरंत बंद करने की मांग सरपंच सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कुरूद से की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे उनमें काफी आक्रोश है।

# सिकलसेल जांच शिविर में दो पॉजिटिव मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

नगर पंचायत भखारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ नवरत्न एवं डीपीएम के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर गौरव बंगानी द्वारा सिकल सेल कैंप लगाया गया जिसमें 87 लोगों की उपस्थिति रही। 53 लोगों का टेस्ट हुआ जिसमें दो पॉजिटिव पाए गए। उनको दवाई दी गई। 34 लोगों को सिकलिन कार्ड दिया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ उपस्थित थे।

# श्रीराम प्रभात शाखा ने रुद्रेश्वर महादेव घाट में की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद द्वारा रूद्रेश्वर घाट रूद्री में सेवा कार्य किया गया। मंदिर परिसर और रूद्रेश्वर घाट की साफ-सफाई की गई।

मौके पर बस्ती प्रमुख रामकुमार साहू, नगर बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख रौनित सहारे, सागर साहू, मुकुंद यादव, कुलदीप, धरमराज, हुमेन्द्र, लक्की, दीपांशु, अमिषा, चित्रांशी, सिम्मी, पायल, तन्नू सोनी, राशि, पलक, हिरल, रूपाली, सिमरन उपस्थित थे।

# जनसेवा के लिए कलेक्टर ने हरख को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

जिला अस्पताल में आयोजित विश्व रक्तदान कार्यक्रम में जनसेवा, रक्तदान तथा जनजागरण कार्यों के लिए भखारा भठेली निवासी हरख जैन का जिलाधीश नम्रता गांधी ने सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू, महापौर विजय देवांगन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके मंडल, सिविल सर्जन डॉ एके टोंडर, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आदित्य सिन्हा, डॉ गुरुशरण साहू, डॉ जेएस खालसा सहित अन्य उपस्थित थे। लायंस क्लब की ओर से भी लायन हरख जैन एवं लायन विजय अग्रवाल ने सहभागिता हेतु सम्मान प्राप्त किया।

# मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित : रंजना

- कृषि केंद्र संबलपुर में आयोजित किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में पहुंची पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की जिसमें प्रत्येक किसान के खाते में 2-2 हज़ार रुपए सीधा ट्रांसफर किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर में शासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि किसानों के जीवन को आसान और समृद्ध करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत 17वीं किस्त सीधा अन्नदाता के बैंक खातों में ट्रांसफर की। मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार किसान कल्याण हेतु पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। मोदी ने जब लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तब सबसे पहले किसी फाइल पर हस्ताक्षर किया तो वह अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित था। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को आर्थिक संबल बनाने कई कल्याणकारी निर्णय लिए। इस अवसर पर कृषि केंद्र से शक्ति सिंग, ईश्वर खापर्डे, मनीषा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, जनपद सदस्य जागेंद्र साहू, जनपद सदस्य पूर्णिमा बनपेला, कोमल सार्वा, हंसराज साहू, रंगझरोखा साहू, अजय गार्डिया सहित बड़ी संख्या में किसान, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सामाजिक प्रकरणों का हुआ निपटारा



- निषाद समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक रविवार को जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में हुई। बैठक की शुरुआत भगवान रामचंद्र, भक्त गुहा निषाद राज के छायाचित्र में पूजा-अर्चना से हुई। बैठक में आगामी जिला निषाद समाज चुनाव में पाली परिक्षेत्र के एक परिवार से एक-एक महिला पुरुष को मतदान करने, जनसंख्या मतदाता फार्म जिला कार्यालय में जमा करने पर चर्चा हुई। सामाजिक प्रकरणों का निपटारा हुआ।

बैठक में पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद, कोषाध्यक्ष परमा निषाद, सहसचिव राजू निषाद, मनराखन निषाद, शंभू निषाद, सागर निषाद, दिलदार निषाद, उधो निषाद, मधु निषाद, प्रकाश निषाद, पीलूराम, कृष्णा निषाद, रामगुलाल, शत्रुघन निषाद, फागूराम, उमाशंकर निषाद, खुमान निषाद, लखनलाल, मन्नूराम, राकेश निषाद, गीतराम, टोमन निषाद, संतोष निषाद, मेहतरू निषाद, बंधुराम मौजूद थे।

# एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए पीएचसी मेघा का राष्ट्रीय टीम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा का राष्ट्रीय टीम ने निरीक्षण किया। राष्ट्रीय स्तर की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 डिपार्टमेंट का गहन अवलोकन किया। ओपीडी, आईपीडी, लैब, लेबर रूम, जनरल एडमिन एवं नेशनल हेल्थ प्रोग्राम की जानकारी ली। इस नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट के लिए समस्त प्रकार के रिकॉर्ड रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु आने वाले मरीजों का फीडबैक भी लिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल, डॉ. यूएल कौशिक, डॉ. प्रिया कंवर, डीपीएम डॉ.श्रीमती एस ठाकुर बीएमओ मगरलोड, श्रीमती श्वेता स्वर्ण, मनोज पटेल, संजय साहू, राजेश भतपहरी, डॉ. हेमेश्वरी जोशी, प्रभारी रुपेश साहू एवं समस्त सेक्टर एवं संस्था के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### ब्रम्हाकुमारी विवि भखारा में मनाया गया योग दिवस

# राजयोग के अभ्यास से आती है सकारात्मक ऊर्जा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुष्प वाटिका नगरपंचायत भखारा में योग का कार्यक्रम रखा गया था। मुख्य अतिथि डॉ प्रिया बैस बीएएमएस, एफएपीएस, श्रीमती सिंधु बैस भारती किसान संघ उपाध्यक्ष, योग टीचर ईश्वर साहू, मिथिलेश पुलिस विभाग, सुशीला निर्मलकर मितानिन सुपरवाइजर थे।

मुख्य वक्ता सेंटर संचालिका बीके करुणा ने कहा कि योग के प्रकार कई हैं। पर सर्वश्रेष्ठ योग राजयोग है जिसमें आत्मा परमात्मा का मिलन होता है। शारीरिक योगा प्राणायाम या पंचकर्म करने से शरीर में जमी हुई टॉक्सिन या कई प्रकार की बीमारी बाहर निकल जाती है लेकिन आत्मा में जो अनेक जन्मों से जमी हुई बीमारी है, उसे निकालने की विधि राजयोग है। आज मन में कई प्रकार के नकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहे हैं जिससे मन बुद्धि पर नियंत्रण नहीं हो पाता है और कई गलत कार्य कर बैठते हैं। राजयोग पद्धति एक ऐसी कला है जिसका प्रतिदिन अभ्यास करने से मन में सकारात्मक ऊर्जा, विचार उत्पन्न होते हैं और व्यर्थ बातें धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं।

इस दौरान सभी ने योग, प्राणायाम किया।

#### योग के साथ आयुर्वेद का भी बड़ा महत्व

डॉ प्रिया बैस ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग के साथ आयुर्वेद का भी बड़ा महत्व है। इसमें तीन बातें मुख्य आती है वात, पित्त , कफ। जैसे गाड़ी की सर्विसिंग करते हैं वैसे ही शरीर की सर्विसिंग होती है। पंचकर्म में पांच बातें आती हैं वह वमन, विरेचन, अनुवासन, आस्थापन, नस्य है।

#### बच्चों में शुरू से ही अच्छे संस्कार डाले

सिंधु बैस ने कहा कि सबसे बड़ा वैध शिव बाबा है। प्रतिदिन राजयोग के अभ्यास से तन और मन दोनों शांत होता है। जहां मन शांत है वहां उपलब्धि हर जगह है। बच्चों में अशांति या चिड़चिड़ेपन का कारण मोबाइल का अत्यधिक उपयोग है। छोटी अवस्था में मन अशांत होते जा रहा है। कई प्रकार के बीमारियां हो रही हैं। इसलिए बालपन में ही उनमें अच्छे संस्कार डाले।

Pride of Dhamtari

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने बनाई रणनीति

**चारामा।** प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एसएमडीसी की प्रथम त्रैमासिक बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के प्रभारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में 18 जून को हुई। इस बैठक में विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, सभापति उमा देवी शर्मा उपस्थित रहे। शाला विकास के संबंध में विचार विमर्श किया गया और कार्यक्रम में परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। मध्यान्ह भोजन के लिए अतिरिकत कक्ष, हाथ धुलाई शेड एवं एक नग वाटर प्यूरीफायर की मांग के लिए प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को मांग पत्र सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम चोरिया निवासी 26 वर्षीय विजय कुमार पिता मेहत्तर राम का जिला अस्पताल कांकेर मे उपचार के दौरान मौत हो गया। इसके अलावा नहरहरपुर थानांतर्गत ग्राम देवरी निवासी 72 वर्षीय उदेय नेताम पिता कल्याण सिंह का जिला अस्पताज कांकेर में ईलाज के दौरान मौत हो गया। जिला अस्पताल के स्टाप के द्वारा पुलिस को जानकारी दिया गया। दोनो के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाने के कारण शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीमार अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कोकपुर निवासी 49 वर्षीय दिनेश जैन पिता रामेश्वर जैन का ईलाज के दौरान मौत हो गया। स्वास्थ्य खराब होने के चलते जिला अस्पताल लाया गया था और 18 जून को शाम साढ़े 4 बजे उनकी मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल के स्टाप की जानकारी पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। मौत का कारण समाचार लिखे जाने तक अज्ञात है।

### महिला ने खेत में लगाई फांसी

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जबलपुर के खेत में एक महिला ने फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि 13 जून को दोपहर करीब 3 बजे कौशिल्या सिदार पति मोहर सिंह सिदार 53 साल निवासी कुदारीदादर ने ग्राम जबलपुर के खेत में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सुचना मृतका के पति मोहर सिंह ने घटना की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में थूंकने की बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी टिक्कू ठाकुर निवासी भिलाईदादर ने मुझे देखकर थूक रहा है कहते हुए प्रार्थी नेहरू साहू पिता हेमलाल (30 साल) के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण से चार लोगों ने की 3 लाख की ठगी

**महासमुंद।** स्वजातीय लड़की बताकर एक लड़की से शादी कराते हुए 4 लोगों ने 3 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामला बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम जोगीदादर का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।
जोगीदादर के हेमकुमार चौधरी पिता अमृतलाल चौधरी (34 साल) ने पुलिस को बताया कि 25 से 27 फरवरी के बीच आरोपी सुदामा पटेल पिता बरतराम पटेल निवासी ग्राम बड़े घोटला सारंगढ़ जिला रायगढ़ के साथ तीन अन्य लोगों ने मिलकर लड़की को स्वजातीय बताते हुए धोखे से उसके साथ मेरी शादी करा दी। वहीं आरोपी 3 लाख रुपए, लड़की द्वारा पहने सोने-चांदी के गहने के साथ मोबाइल लेकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज करते हुए जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त 2 जुलाई से, 17 को देवशयनी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मांगलिक कार्यों के लिए गुरू शुक्र का उदय होना आवश्यक है। शुक्र तारा 2 जुलाई से उदय हो रहा है। इसके बाद मांगलिक व शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त बन जाएंगे। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इसके बाद चार माह के लिए सभी मांगलिक व शुभ कार्य प्रतिबंध रहेंगे। चातुर्मास के आगमन के बाद भजन पूजन का दौर चलेगा।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि नवग्रह में बृहस्पति को गुरू का पद प्राप्त है। गुरू ग्रह 1 जून को उदय हो चुका है। 2 जुलाई को शुक्र ग्रह उदय होगा। मांगलिग और शुभ कार्यों के लिए दोनों का एकसाथ उदय होना आवश्यक है। गुरू और शुक्र धन, वैभव, प्रेम, प्रतिष्ठा, सौंदर्य, सुख, समृद्धि का कारक है। 2 जुलाई से 17 जुलाई तक सभी मांगलिक मार्ग शुभ मुहूर्त में किए जा सकते हैं।

## 15 दिन मिलेगा शुभ मुहूर्त के लिए, देवशयनी एकादशी के बाद चातुर्मास प्रारंभ होगा

### विवाह के लिए शुभ मुहूर्त जरूरी

पं. सूरजप्रसाद तिवारी ने बताया कि शादी ब्याह में शुभ मुहूर्त का होना आवश्यक है। विवाह को सबसे पवित्र संस्कार माना जाता है। शादी के लिए नौ ग्रहों में गुरू, शुक्र और सूर्य का उदय होना जरूरी है। रवि गुरू व संयोग हो तो यह और अधिक सिद्धिदायक और शुभ फलदायी होता है। इनकी उपस्थिति में शादी ब्याह बेहद शुभ माना जाता है।



### होंगे मांगलिक कार्य

गुरू, शुक्र, रवि के उदय के बाद शहनाइयां गूंजेंगी। शादी ब्याह सहित नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृह प्रवेश, भूमिपूजन, भवन, वाहन, आभूषण का क्रय, विक्रय करना शुभ माना जाता है। विदित हो कि शुक्र 29 अप्रैल को अस्त हो गया था। 62 दिन बाद उदय होने के बाद सभी मांगलिक कार्य पूर्ववत जारी हो जाएंगे।

विवाह मुहूर्त की बात करें तो 7, 9, 11, 12, 13, 15 जुलाई को विवाह, शादी ब्याह जैसे शुभ कार्य किए जा सकते हैं। इसके बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चातुर्मास का आरंभ होगा, जिसमें चार महीने तक मांगालिक और शुभ कार्यों पर रोक रहेगी। 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी से विवाह मुहूर्त फिर से शुरू हो जाएंगे जो 14 दिसम्बर तक चलेंगे।

# ब्लॉक के 29 हजार से अधिक किसानों को मिली सम्मान निधि की 17वीं किस्त

**चरमुड़िया में कृषि विभाग ने आयोजित किया किसान सम्मेलन, सुना पीएम का उद्बोधन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के साढ़े नौ करोड़ से अधिक किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से किसान सम्मान की 17 वीं किस्त की राशि डाली। इसमें कुरुद ब्लॉक के 29857 किसान भी शामिल थे। लेकिन तमाम कोशिश के बावजूद अब तक क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के खाते में इस योजना की एक भी किस्त नहीं आई। इस ओर कृषि विभाग को ध्यान देने की जरूरत है।

मंगलवार को कुरुद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चरमुड़िया में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल किसानों ने पीएम का उद्बोधन और क्षेत्रीय भाजपा नेताओं का भाषण सुना। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौकरण साहू ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती भी है। इसे ही मोदी की गारंटी कहते हैं। उन्होंने क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा देने के लिए विधायक अजय चन्द्राकर द्वारा पिछले दो दशक में किए गए प्रयास का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व मंत्री श्री चन्द्राकर ने कुरुद विधानसभा में सुनिश्चित सिंचाई को बढ़ावा देने नहर नालियों का विस्तार कराया।

खेतों में नलकूप स्थापित करने विद्युतीकरण का जाल बिछाया है जिसके चलते बड़े भू-भाग में डबल फसल लेकर धरती पुत्र समृद्ध हुएं हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर ने मोदी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की कमान काबिल और दमदार नेतृत्व के हाथों में होने से यहां चहुंमुखी विकास हुआ है। मगरलोड ब्लाक में राजाडेरा,पनवई जैसी नई सिंचाई परियोजना की आधारशिला रखने वाले अजय चन्द्राकर ने कुरुद क्षेत्र के बगौद में फूडपार्क और चर्रा में कृषि महाविद्यालय की स्थापना कर बता दिया कि उन्हें किसानों की कितनी चिंता है।

नवागांव सरपंच टिकेश साहू ने किसानों से फसल चक्र परिवर्तन एवं वैज्ञानिक पद्धति से जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। कुछ किसानों ने कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शैलेन्द्र साहू से कीट व्याधि एवं चूहों की वजह से फसल को होने वाले नुकसान को रोकने का उपाय पूछा। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीआर साहू ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य धर्मिन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, राजेश कोसरिया, आरईओ अश्विनी सिन्हा, प्रेमलाल ठाकुर, देवेन्द्र मंडावी, विरेंद्र साहू सहित क्षेत्रीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा हमेशा किसानों के हित में काम करती है : उमेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूर्व सांसद प्रतिनिधि और गंगरेल मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमेश साहू कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर में किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की राशि अंतरण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के हित में काम करती है। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की शपथ लेते ही प्रथम हस्ताक्षर देश के किसानों के लिए किया। यह किसान हितैषी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। कई ऐसे कृषक हैं जिनकी आमदनी बहुत ज्यादा नहीं है। उन्हें वर्ष में तीन बार 2000 रूपए सम्मान निधि दी जाती है। उन्होंने आगे कहा कि अभी भी जिले में ऐसे बहुत कृषक हैं जिनको तकनीकी त्रुटि के कारण किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल पा रही है। उनके प्रकरण का जल्द से जल्द निराकाण करें ताकि उन्हें समय पर किसान सम्मान निधि मिल सके।

# युवा कांग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

- जिला अस्पताल में किया फल वितरण एवं रक्तदान
- नर्सिंग के विद्यार्थियों को वितरित की संविधान की प्रस्तावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया एवं रक्तदान भी किया। राहुल गांधी ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी और मजबूत विपक्ष बनाने में कामयाबी मिली। इसी को ध्यान में रखते हुए युवा कांग्रेसियों ने नर्सिंग के विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की कापी वितरित की।

युवा कांग्रेसियों ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल सर्जन से जिला अस्पताल परिसर में संचालित पार्किंग ठेका को समाप्त करने की मांग रखी जिस पर विधायक ने नए सत्र में पार्किंग ठेका नहीं करने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, संगठन प्रभारी कुलेश्वर देवांगन, जिला प्रवक्ता तारिक रजा कादरी, जिला सचिव गीताराम सिन्हा, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक वातांजलि गोस्वामी, राज देवांगन समेत अनेक युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सुभाष नगर वार्ड में रंगमंच का लोकार्पण

**धमतरी।** सुभाष नगर वार्ड में कांटा तालाब पानी टंकी के पास रंगमंच का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन एवं वार्ड की नारी शक्तियों ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर रंगमंच का निर्माण किया गया है। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में रंगमंच बन जाने से सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के लिए एक उचित स्थल मिल जायेगा। मौके पर पर नारद बांगडे, राजाराम महार, नीलमणि साहू, रवि देवांगन, गीता वैष्णव, त्रिलोचन देवांगन, जानकी यादव, कृति देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# जिले के पांच खिलाड़ी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

- 4 से 7 जुलाई तक उधमसिंह नगर उत्तराखंड में होगी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भिलाई में आयोजित अंडर 17 राज्य स्टेट चैंपियनशिप में धमतरी जिला खेलो इंडिया स्माल सेंटर से एक एक महिला और चार पुरुष पहलवानों का सिलेक्शन हुआ। वे 4 से 7 जुलाई तक उधमसिंह नगर उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 45 किलोग्राम वजन वर्ग में देवनारायण ध्रुव, 51 किलो में मुरारी वाघमारे, 80 किलो में वरुण यादव, 65 किलो में आकाश साहू तथा 40 किलो वजन वर्ग में प्रियंका साहू का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी खेल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी. एक्का, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ उपाध्यक्ष लक्ष्मणलाल साहू ने हर्ष जताया है। यह जानकारी खेलो इंडिया लघु केंद्र के प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर ने दी है।

# वृद्धाश्रम में मनाया गया पितृ दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग महतारी महिला एसोसिएशन की महिलाओं द्वारा रूद्री स्थित वृद्धाश्रम में पितृ दिवस मनाया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को शाल, श्रीफल, जूस व बिस्किट भेंटकर सम्मान किया गयगा। इस दौरान एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मोहिनी साहू, समीमा अंजुम, भावना मरकाम, श्वेता ठाकुर, मालती देवी, क्षमा गुप्ता, महक पिंजानी, हर्षिता पिंजानी, मोनिका पिंजानी, काव्या आहूजा, प्रिया, रंजना वाधवानी, भारती लालवानी, अंजु कलवानी, महेश साहू, शेख सोहेल सहित वृद्धाश्रम के स्टाफ उपस्थित थे।

### रीजन हैंडबॉल स्पर्धा की तैयारी में जुटे खिलाड़ी

**धमतरी।** अगले माह महासमुंद में प्रस्तावित रायपुर रीजन की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय स्कूल धमतरी के खिलाड़ी तैयारी में जुटे हैं। प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के निर्देशन में खेल शिक्षक शैलेन्द्र पांडेय, कोच अजय नेताम के मार्गदर्शन में खिलाड़ी रोजाना सुबह हैंडबॉल की तैयारी कर रहे हैं। केन्द्रीय स्कूल के खिलाड़ी येयांश नाग, विनय कुमार, हर्ष कुमार, मयंक, प्रीतेश, रणवीर, देबाशीष, निखिल कुमार, सोहम, रूद्रांश, आदित्य, प्रवेश कुमार प्रस्तावित टूर्नामेंट के लिए मेहनत कर रहे हैं।

# विवाह पूर्व सिकलसेल कुंडली मिलान भी जरूरी : आराधना

- सिकलसेल दिवस पर सिविल अस्पताल में जागरूकता, जांच, उपचार कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



विश्व सिकलसेल दिवस के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल नगरी में जागरूकता, जांच, उपचार कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष श्रीमती आराधना शुक्ला थी। डॉ डीआर ठाकुर बीएमओ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष अतिथि डॉ अरूण नेताम स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ अवधेश गौर, सुश्री श्वेता वर्मा मंडल संयोजक आदिवासी विकास विभाग थे। कार्यक्रम का संचालन हितेन्द्र कुमार साहू बीपीएम ने किया। इस दौरान डॉ डीआर ठाकुर ने बताया कि सिकलसेल में हमारी लाल रक्त कणिकाओं का आकार अंडाकार के स्थान पर हंसियाकार हो जाता है जिससे ऑक्सीजन कम मात्रा में हमारे शरीर के अंगों तक पहुंचती है जिससे कई प्रकार की शारीरिक व्याधियां होती हैं। इसमें मरीज के दो कैटेगरी होते हैं। एक वाहक और दूसरा पीड़ति वाहक को कोई परेशानी होती किन्तु पीड़ितों को विभिन्न प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। वर्तमान में उपचार देकर इसे मैनेज किया जा सकता है परंतु जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। डॉ अरुण नेताम ने बताया कि स्त्रियों में गर्भवस्था के दरम्यान एक समुचित उपचार व देखभाल से मातृ मृत्यु को कम किया जा सकता है। श्वेता वर्मा मंडल संयोजक ने कहा कि फील्ड में इसके प्रति जनजागरूकता जरूरी है ताकि लोग इसके बारे में जाने और सही उपचार ले सके। श्रीमती आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत ने कहा कि विवाह पूर्व कुंडली मिलान के साथ सिकलसेल कुंडली मिलान भी आवश्यक है ताकि आने वाली संतति स्वस्थ रहे। हितेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

राज्य से प्राप्त 120770 लक्ष्य के विरुद्ध 82000 लोगों की जांच की जा चुकी है। 1858 वाहक और 61 पीड़ित मिले हैं जिनका उपचार चल रहा है। सभी धनात्मक मरीजों को शासन द्वारा सिकल कार्ड का वितरण किया जा रहा है। विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में 2 जुलाई तक सघन जांच उपचार की गतिविधि फील्ड में की जा रही है। मौके पर मितानिन कार्यक्रम के विकासखण्ड समन्वयक नेमूराम साहू, डॉ दीपिका साहू, डॉ शारदा साहू सहित सिविल अस्पताल नगरी के स्टाफ, आदिवासी विकास विभाग के अधीक्षक, अन्य कर्मचारी, मितानिन व सामान्यजन उपस्थित थे।

# सर्व आदिवासी समाज पंकज के परिजनों को न्याय दिलाने सड़क पर उतरेगा

- समाजजनों ने स्व. ध्रुव के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पंकज ध्रुव हत्याकांड को लेकर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई एवं समाज प्रमुखों ने उनके परिवारवालों से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

नगरी में दिवंगत पंकज ध्रुव के परिजनों से मुलाकात के बाद चुरियारापारा स्थित सामाजिक भवन में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने हत्याकांड मामला, समाज की ओर से रखी मांगों पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने की बात समाज प्रमुखों के समक्ष रखी। बैठक में प्रशासन के उदासीन रवैये को देखते हुए पुनः चक्काजाम एवं बंद को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बार सर्व आदिवासी समाज विशेष रणनीति तैयार कर पंकज ध्रुव के परिजनों को न्याय दिलाने सड़क पर उतरेगा। हत्याकांड की सीबीआई जांच, मामले में एसटीएसी एक्ट जोड़ने एवं केरेगांव से नगरी तक रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग जैसे अन्य मांग है। विगत 10 जून को इस संबंध में नगरी बंद करने का निर्णय लिया गया था किन्तु प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया था। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे, ध्रुव गोंड़ समाज के जिला अध्यक्ष माधव ठाकुर, उपाध्यक्ष अरविन्द नेताम, ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी के महासचिव नरेश छेदैहा, कोषाध्यक्ष भांवत ध्रुव, नीलू छेदैहा, चन्द्रभान मरकाम, कैलाश मरई, हेमलाल मरकाम, पूरन नेताम, सुरेश कुंजाम, टीकम ध्रुव, विरेन्द्र सलाम, मनोहर कुंज़ाम, समेलाल सलाम, गोपाल नेताम, श्रीराम ओटी सहित समाजजन उपस्थित थे।



